420 भादवि0 के वांछित दो शातिर अपराधियों को अपराध शाखा, स्वाट व थाना हरबंशमोहाल की टीम ने किया गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल परिवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त महोदय अपराध व पुलिस उपायुक्त महोदय अपराध के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त महोदय अपराध के कुशल मार्ग दर्शन में अपराध शाखा की स्वाट टीम द्वारा जिला कच्छ गुजरात राज्य की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर दिनांक 30.11.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड उपरान्त दिनांक 02.12.2023 को वांछित अभियुक्तगण इशहाक पुत्र नूर मोहम्मद नि0 मुस्लिम चौकडी खसरा ग्राउण्ड थाना ए डिवीजन सिटी भुज जिला कच्छ प्रदेश गुजरात आदि 02 नफर को लाया गया।

थाना हरवंशमोहाल कानपुर नगर पर दिनांक 16.04.2023 को मु0अ0सं0 40/2023 धारा 420/406/506/467/468/471 भा0दं०सं० पंजीकृत किया गया था ,जिसकी विवेचना उ0नि0 राजा राम गौड द्वारा की जा रही थी। विवेचना में अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु विवेचक द्वारा श्रीमान् पुलिस उपायुक्त महोदय अपराध से सहयोग मांगा गया था , जिसके क्रम में दिनांक 21.11.2023 को स्वाट टीम अपराध शाखा सुराग रसी पतारसी रवाना होकर थाना हरवंश मौहाल के साथ समन्वय बनाकर घटना का सफल अनावरण किया गया।

घटना सम्पूर्ण विवरण

अभियुक्तगण द्वारा फर्जी फेसबुक आई डी बनाकर प्रोफाइल में सस्ता अच्छा सोना देने का ऐड करते है, जिससे प्रभावित होकर सम्पूर्ण भारत से भिन्न- भिन्न प्रान्तो से भोले भाले व्यापारियों द्वारा स्वयं इनसे सम्पर्क करके सोना लेने की इच्छा जाहिर करते थे ,जिससे यह लोग एक नम्बर से कॉलिंग व वाट्सऐप कॉलिंग करने के उपरान्त भिन्न- भिन्न नम्बर बदल कर वाट्सऐप कॉलिंग पर फोटो डालकर सोना दिखाते व आपस में बात चीत करके पहली बार की खरीदने पर अच्छा असली सोना देते थे जिससे व्यापारी को विशवास हो जाता था कि अच्छा व सस्ता सोना मिल रहा है। व्यापारी इसमें अपनी सम्पूर्ण धन लगाकर इनसे पुनः सौदा करता था। दूसरी बार जब व्यापारी इन अभियुक्तगण से जब सोना खरीदते थे तो अभियुक्तगण नकली पीली धातु (पीतल) के बिस्कुट देते थे जिनको बाद में चेक करने पर वह नकली होते थे। इसतरह की धोखाधडी भारत के गुजरात प्रान्त को छोड कर अन्य विभिन्न प्रान्तों के व्यापारियों के साथ अभियुक्तगण करते थे। जिनको स्वाट टीम अपराध शाखा कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा दिनांक 02.12.2023 को गिरफ्तार किया गया अन्य विधिक अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तगण से माल बरामदगी

01 अदद GJ12 FC 8826 काली स्कारपिओ ,06 अदद मोबाइल फोन ,02 अदद पीली धातु(सोना) के बिस्कुट जिनपर स्विट्जरलैंड अंकित है, कीमत लगभग 20 लाख, 01 अदद रुपया गिनने की मशीन ,06 ATM कार्ड ,पैन कार्ड, व अन्य दस्तावेज।

अभियुक्तगण विवरण

1.इशहाक पुत्र नूर मोहम्मद नि0 मुसलिम चौकडी खसरा ग्राउण्ड थाना ए डिवीजन सिटी भुज जिला कच्छ प्रदेश गुजरात
2.अली समा मामन जकरा पुत्र जकरा समा नि0 नजदीक आशापुर मन्दिर थाना खवाडा जिला कच्छ प्रदेश गुजरात

गिरफ्तारी में विशेष योगदान करने वाली टीम

.उ0नि0 मो0 आरिफ स्वाट टीम अपराध शाखा
-उप निरीक्षक पुनीत कुमार साइबर सेल
.उ0नि0 राजा राम गौड थाना हरवंश मौहाल
.उ0नि0 राहुल कुमार स्वाट टीम अपराध शाखा
.हे0का0 प्रदीप सिंह स्वाट टीम अपराध शाखा
.हे0का0 रामजस यादव सर्विलांस विंग अपराध शाखा
.का0 अजीत कुमार स्वाट टीम अपराध शाखा
.का0 चयन कुमार स्वाट टीम अपराध शाखा
.का0 रोहित कुमार स्वाट टीम अपराध शाखा